ारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या 77/2023 (2023/240) अनवान मांगीलाल बनाम राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार लूणी जोधपुर अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम

-3-20

प्रार्थी मांगीलाल पुत्र नाथाराम जाति पटेल निवासी ग्राम मोगड़ा कंला ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपनी खातेदारी कृषि भूमि ग्राम मोगड़ा कंला के खसरा नम्बर 386/5 रकबा 2.4281 हैक्टैयर में प्रार्थी का नाम खातेदार के रूप में मांगीया पुत्र हरजीराम के तौर पर नाम अमल दरामद किया हुआ है।

प्रार्थी का सही एवं वास्तविक नाम मांगीलाल पुत्र नाथाराम है जो कि इनके आधार कार्ड, पहचान कार्ड, परिवार राशन कार्ड, व जन आधार कार्ड इत्यादि में अंकित है, यही नही प्रार्थी की अन्य खातेदारी की कृषि भूमि जो कि ग्राम मोगड़ा कंला के खसरा नम्बर 379/5 में मांगीलाल पुत्र नाथाराम अंकित है। प्रार्थी अनपढ़ होने के कारण पूर्व में राजस्व कार्मिकों द्वारा बोलते नाम दर्ज किये जाने के कारण उक्त खातेदारी भूमि में नाम मांगीया पुत्र हरजीराम गलती से दर्ज हो गया था। मांगीया पुत्र हरजीराम एवं मांगीलाल पुत्र नाथाराम एक ही नाम के व्यक्ति अर्थात प्रार्थी के नाम है। नाम सम्बन्धी किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं होगा तथा अशुद्धि को शुद्धि करवाये जाने पर सही एंव वास्तविक नाम दर्ज होने पर भविष्य में कोई कानूनी अड़चन पैदा न हो इसलिये यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर रेकर्ड दुरूस्ती का निवेदन किया है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर सम्बन्धित पक्षकार को जरिये नोटिस जवाब तलब किया गया। तहसीलदार लूणी के पत्रांक/भू.अ./2025/14 दिनांक 21.01.2025 के द्वारा जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जो शामिल मिसल की गई। जिसके अनुसार ग्राम मोगड़ा कंला के खसरा नम्बर 386/5 रकबा 2.4281 हैक्टैयर में मांगीया पुत्र हरजीराम जाति पटेल सा. देह खातेदार दर्ज है। जो कि नामान्तरकरण संख्या 215 जरिये आंवटन मांगीलाल पुत्र हरजीराम पीटल सा. मोगड़ा कंला के नाम से राजस्व रेकर्ड में दर्ज हुआ। तब से लगातार राजस्व रेकर्ड में दर्ज चला आ रहा है।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। प्रार्थी का नाम वर्तमान राजस्व रेकर्ड ग्राम मोगड़ा कंला के खसरा नम्बर 386/5 रकबा 2.4281 हैक्टैयर में मांगीलाल पुत्र हरजीराम जाति पटेल सा. देह खातेदार दर्ज है। तहसीलदार लूणी की रिपोर्ट दिनांक 21.01.2025 के अनुसार प्रार्थी का नाम उक्त राजस्व रेकर्ड में जरिये आंवटन नामान्तरकरण संख्या 215 के दर्ज हुआ तब से निरन्तर राजस्व रेकर्ड में इन्द्राज है। तथा प्रस्तुत पहचान दस्तावेजात में मांगीलाल पुत्र नाथाराम दर्ज होना बताया। इसी तरह 01. चैनाराम पुत्र जेठाराम, 02. जैताराम पुत्र मांगीलाल पटेल निवासी मोगड़ा कंला जोधपुर ने शपथ पत्र में कथन किया कि वर्णित भूमि में प्रार्थी के पिता नाम भूलवंश गलत दर्ज हो गया जबकि सही नाम हरजीराम नही होकर नाथाराम है। जो सही है और इनको अपने परिवार, समाज व ग्राम में भी इन्ही नाम से जाना पहचाना जाता है। प्रार्थी की और से अपने अन्य खसरा नम्बर 379/5 की जमांबदी पेश की जिसमें सही नाम मांगीलाल पुत्र नाथाराम दर्ज होना बताया गया।

अतः उपरोक्त विवेचन एंव प्रस्तुत दस्तावेजात, शपथ पत्रों के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम के तहत स्वीकार किया जाता है। तथा तहसीलदार लूणी को आदेश दिया जाता है। कि ग्राम मोगड़ा कंला के खसरा नम्बर 386/5 रकबा 2.4281 हैक्टैयर में खातेदार मांगीया पुत्र हरजीराम के स्थान पर मांगीलाल पुत्र नाथाराम उर्फ हरजीराम रेकर्ड दुरूस्ती का अमल दरामद करें। आदेश सुनया गया। पत्रावली फैशल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी
...णी (जोधपुर) राज.